◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

RAJASTHAN | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 04 नवम्बर 2026

राजनीति

सरपंच पद के उम्मीदवार देउबाई मीणा ने पारलिया में चुनाव प्रचार का आगाज़ किया



ग्राम पंचायत पारलिया में सरपंच पद के उम्मीदवार देउबाई मीणा ने आज अपने चुनावी प्रचार का औपचारिक प्रारम्भ किया।

उम्मीदवार ने अपने पति नारायण मीणा के साथ गाँव के मुख्य चौक पर उपस्थित होकर जनता को अपने विकास कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

गाँव के सभी सदस्य उपरना पहनाकर उनका हार्दिक स्वागत कर रहे थे, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण और सादर बना।

इस अभियान के माध्यम से देउबाई मीणा ने ग्रामीण विकास, जलसंधारण और शिक्षा सुधार जैसे प्रमुख मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त किया, जिससे स्थानीय जनता का ध्यान आकर्षित हुआ।

— Ganshyam Garg

दीपावली को मध्य नजर रखते हुए अलवर रेलवे पुलिस ने बदला रूट

#Alwar दीपोत्सव के मद्देनजर-ट्रैफिक पुलिस द्वारा,, दिनांक 4 नवंबर से 10 नवंबर तक रूट डाइवर्ट, समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध।

— Rohitash Kumar, अलवर

आज की खास खबर

आज की खास खबर।शिव विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पाबुबेरा से नवनिर्वाचित सरपंच श्री जोर सिंह सोलंकी एवं ग्राम पंचायत बीसु कला से सरपंच प्रतिनिधि श्री सुमेरसिंह जी राजपुरोहित के कार्यालय पधारने पर साफा एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वरूप सिंह खारा इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों को नई ज

— Manohar Singh

यह ख़बर मनोहर सिंह भाटी ने बताया आप हमारे चैनल पर पहली बार आए तो सब्सक्राइब जरूर करें



नवनिर्वाचित लुनावास सरपंच श्री नैना राम जी गर्ग एवं भांडू कल्ला सरपंच श्री बंशी लाल जी को सरपंच पद की जिम्मेदारी मिलने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ।

ईश्वर से प्रार्थना है कि आप दोनों अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र का चहुँमुखी विकास करें तथा ग्रामीणों की सेवा और जनहित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहें। यह खबर हमारे पत्रकार मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला

आपके सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ।

— Manohar Singh

राजनीति

पारलिया में सरपंच पद की उम्मीदवार सूनीता मीणा ने किया प्रचार प्रारम्भ



ग्राम पंचायत पारलिया में सरपंच पद की उम्मीदवार सूनीता मीणा ने आज अपने प्रचार-प्रसार का आरम्भ किया।

विलक्षण स्वागत के साथ, गाँव के सभी निवासियों ने उन्हें उपरणा पहनाकर सम्मानित किया।

सूनीता मीणा, जो भंवर सिंह मीणा की पत्नी हैं, ने इस अवसर पर गाँव के विकास एवं सामाजिक सुधार के अपने विचार प्रस्तुत किए।

उपस्थिति में मौजूद ग्रामीणों ने उम्मीदवार के कार्यों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

— Ganshyam Garg

Mia में हैवेल्स कंपनी की मजदूरी ने खोला मोर्चा मुख्य गेट पर दिए धरना



एमआई स्थित हैवेल्स कंपनी के मजदूरों ने खोला मोर्चा,मुख्य गेट पर धरना देकर कामकाज किया बंद,विभिन्न मांगों को लेकर हंगामा, कंपनी के अधिकारों के आश्वासन के बाद भी नहीं बनी सहमति

— Rohitash Kumar, अलवर

स्थानीय

बीकानेर के नोखा में धनी के घर में लगी आग से 80 लाख का अनुमानित नुकसान



बीकानेर जिले के नोखा में स्थित एक निवासी के धनी में अचानक आग लग गई, जिससे वहाँ रखे हुए कई वस्तुओं का नाश हो गया।

आग के कारण धनी में रखी खून-पसीने की कमाई का लाखों का सामान जलकर राख बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग तेज़ी से फैली और तुरंत नियंत्रण में नहीं लाई जा सकी।

प्रशासन ने आग के बाद हुए नुकसान का अनुमान लगाया और लगभग अस्सी लाख रुपये का नुकसान होने की सूची तैयार कर संबंधित विभाग को सौंप दी।

निवासी ने इस नुकसान के लिए मुआवजे की गुहार लगाई है और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

— Debu Ram

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया



ढेलाना गाँव मे जो बाँध बना है वो लोहावट वासियो के लिए वरदान हैँ जिससे काफी दुकानों और घरो मे पानी चला जाता था आज गाँव मे ज़ल स्तर भी ठीक हुआ है काफी लोगों को राहत मिली वहा लोगों ने बताया की हर बारिश होती जब घर तक जाना मुश्किल हो जाता था अभी आनंद की घड़ी आई है यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से

— Manohar Singh

राजनीति

हनुमानगढ़ में पंचायती राज चुनाव का तीसरा चरण: 78.22% मतदान, मतदाताओं में उत्साह



पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत हनुमानगढ़ जिले में तीसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। मतदान के दौरान मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा गया। जिले की छह पंचायत समितियों में जिला परिषद तथा पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए मताधिकार प्रयोग किया गया।


कुल 7,32,574 पंजीकृत मतदाताओं में से 5,73,000 से अधिक ने मतदान किया, जिससे समग्र मतदान प्रतिशत 78.22 % रहा। इस चरण में भादरा पंचायत समिति में सर्वाधिक 80.25 % मतदान दर्ज हुआ, जबकि पल्लू (79.62 %) और नोहर (79.56 %) ने भी उच्च भागीदारी दिखाई।

राजपुरा (8 बीएचडी) में 78.86 % तथा हनुमानगढ़ जंक्शन (75.26 %) और पीलीबंगा (75.22 %) में मतदान प्रतिशत क्रमशः रहा। इन आंकड़ों से पता चलता है कि अधिकांश ग्रामों में मतदाता सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

चुनाव प्रक्रिया के इस महत्वपूर्ण चरण का शांतिपूर्ण समापन लोकतंत्र के प्रति नागरिकों की जागरूकता और जिम्मेदारी को उजागर करता है। मतदाताओं की उत्साही भागीदारी ने इस निर्वाचन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।

— Yash karyani

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया



अभी-अभी बड़ी खबर आई है सरपंच बनते ही बदली बज्जू गांव की तस्वीर ! जीत के दूसरे दिन ही भागीरथ जी तेतरवाल खुद हाथों में झाड़ू लेकर उतरे सफाई अभियान में, सरपंच साहब को कुर्सी का नहीं सेवा और विकास का जुनून है। कई सोशल मीडिया पर अलग-अलग तस्वीर वायरल हो रही कई लोग अलग-अलग राय दे रहे हैं कई बता रहे हैं की सरपंच साहब जनता का सेवक है इसीलिए सेवा में लगे हैं दीपावली आ रहे हैं हर गांव ऐसा सरपंच आना चाहिए यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला

— Manohar Singh

स्थानीय

अग्रवाल कन्या महाविद्यालय बनी कोटा विश्वविद्यालय के अंतरमहाविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता



गंगापुर सिटी में कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भगवान महावीर सौरभ टीटी कॉलेज खेड़ा में अंतरमहाविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रवाल कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना से सभी को प्रभावित किया। सोमवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में टीम ने सौरभ टीटी कॉलेज को 14 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, जहाँ राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के साथ फाइनल मैच हुआ।

इस शानदार सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृजेंद्र सिंह ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता, महामंत्री गिर्राज प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता, सचिव बाबूलाल गुप्ता और समस्त कार्यकारी सदस्यों ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि अग्रवाल कन्या महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षित बेटियाँ तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसी आत्मविश्वासी, प्रतिभाशाली और बहुआयामी बेटियाँ तैयार करना है, जो शिक्षा, खेल, संस्कृति एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करें।

— Buddhi Prakash Mali

पंचायत आम चुनाव-2026 तृतीय चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए जिले में शाम 6 बजे तक 64.48 फीसदी मतदान



पंचायत आम चुनाव-2026

तृतीय चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए जिले में शाम 6 बजे तक 64.48 फीसदी मतदान

लवाण में सर्वाधिक 70.25 प्रतिशत मतदान, दौसा पंचायत समिति क्षेत्र में 64.38 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने पुलिस अधीक्षक के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

दौसा, 3 नवम्बर। पंचायत आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के तहत मंगलवार को जिले की आठ पंचायत समिति क्षेत्रों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के पदों के लिए शाम 6 बजे तक 64.48% फीसदी मतदान दर्ज किया गया।

तृतीय चरण में शाम 6 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दौसा पंचायत समिति क्षेत्र में 64.38 प्रतिशत, लालसोट में 62.26 प्रतिशत, लवाण में 70.25 प्रतिशत, नांगल राजावतान में 62.25 प्रतिशत, रामगढ़ पचवारा में 63.42 प्रतिशत, शिवसिंहपुरा में 66.84 प्रतिशत, सिकंदरा में 65.80 प्रतिशत तथा सिकराय पंचायत समिति क्षेत्र में 64.80 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनमें लवाण पंचायत समिति क्षेत्र में सर्वाधिक 70.25 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के साथ विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया।

बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिली विशेष सुविधा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। उन्हें मतदान केंद्र तक लाने और मतदान के बाद वापस पहुंचाने के लिए वाहनों की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। वहीं व्हीलचेयर और वॉलिंटियर्स के सहयोग से मतदान करने में सहायता दी गई। दिव्यांग मतदाताओं ने अपने लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए निर्वाचन आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इन व्यवस्थाओं से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को सहजता से मतदान करने में मदद मिली। जिला प्रशासन का प्रयास रहा कि कोई भी मतदाता सुविधा के अभाव में अपने मताधिकार के उपयोग से वंचित न रहे।

— Suraj Poswal

श्री केशर मेमोरियल शिक्षण संस्थान में शहीदों के नाम दीप प्रज्वलित, मिट्टी के दीपकों से स्वदेशी संदेश



कस्बे के श्री केशर मेमोरियल शिक्षण संस्थान में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक श्रवण विश्नोई ने ‘एक दीपक शहीदों के नाम’ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रथम दीप प्रज्वलित किया।

इसके पश्चात विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने क्रमशः दीपक जलाए और दो मिनट का मौन रखकर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और दीपावली के पावन अवसर को स्मरणीय बनाया।

इस अवसर पर चाइनीज दीपकों के बजाय मिट्टी के दीपकों का उपयोग करने और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वरिष्ठ अध्यापक संजय विश्नोई ने विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने तथा मिट्टी के दीपक जलाने के लिए स्वयं जागरूक होने और दूसरों को प्रेरित करने का आह्वान किया तथा इस संबंध में शपथ भी दिलाई।

शिक्षकों ने बताया कि मिट्टी के दीपक जलाना हमारी पारम्परिक संस्कृति से जुड़ा होने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय कुम्हारों के रोजगार को बढ़ावा देता है। इस दौरान सुमेर सिंह, नरेश विश्नोई, युवराज सिंह, प्रकाश, मनीष, सुनील, श्रीराम, सीमा सहित विद्यालय के कई शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

— Swaroop Singh

यह खबर आपको लोवाहट से दिखा रहे मनोहर सिंह भाटी




आज लोवाहट किशनाराम जी विधायक के निवास स्थित "किसान हट" पर पल्ली द्वितीय सरपंच श्री मनोहरलाल जी सारण, बंधे की ढाणी महादेवनगर (पल्ली) सरपंच श्री जालाराम जी कड़वासरा, सरनाडा सरपंच श्री लक्ष्मण जी भील व रिडमलसर सरपंच श्री जीवनसिंह जी भाटी के पधारने पर आत्मीय स्वागत एवं बहुमान कर उन्हें #सरपंच_निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल एवं ग्राम पंचायतों के चहुंमुखी विकास की मंगलकामनाएं।

— Manohar Singh

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किए बालाजी महाराज के दर्शन, देश की सुख-समृद्धि की कामना



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किए बालाजी महाराज के दर्शन, देश की सुख-समृद्धि की कामना

मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे, जहां उन्होंने बालाजी महाराज के दरबार में मत्था टेककर विधिवत पूजा-अर्चना की और देश में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।इसके बाद उन्होंने भैरव बाबा और प्रेतराज सरकार को भी ढोक लगाई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मेहंदीपुर बालाजी पीठाधीश्वर महंत डॉ नरेशपुरी महाराज से शिष्टाचार भेंटकर आशीर्वाद लिया और धार्मिक व आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की।केंद्रीय मंत्री के मेहंदीपुर बालाजी दर्शन विजिट के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अमला भी सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहा। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की बालाजी महाराज में गहरी आस्था है और वे अक्सर परिवार के साथ दर्शन करने मेहंदीपुर बालाजी आते रहते हैं।

— Suraj Poswal

स्थानीय

रडावास में भामाशाह मोतीलाल व्यास ने विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया श्रीकृष्ण भोग, विद्यालय विकास में भी दे रहे उल्लेखनीय योगदान



मारवाड़ जंक्शन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रडावास में मंगलवार को ग्राम के भामाशाह श्री मोतीलाल जी व्यास के सौजन्य से विद्यार्थियों के लिए श्रीकृष्ण भोग (प्रसादी) का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ निजी शिक्षण संस्थान पैराडाइज स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने लापसी, कढ़ी एवं पूड़ी सहित पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों का आनंद लिया।

भामाशाह श्री मोतीलाल जी व्यास विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थी कल्याण के लिए निरंतर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उनके द्वारा पूर्व में विद्यालय में भव्य मुख्य प्रवेश द्वार 'तुलसी द्वार' का निर्माण करवाया गया तथा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर मय टंकी भेंट की गई। उनका यह योगदान ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जनसहभागिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री दुर्गा शंकर जी त्रिवेदी का सानिध्य रहा। इस अवसर पर संस्था प्रधान श्री यशपाल सिंह कुंपावत ने श्री त्रिवेदी एवं भामाशाह श्री मोतीलाल जी व्यास का साफा एवं माल्यार्पण कर राजस्थानी परंपरा के अनुरूप बहुमान किया।

संस्था प्रधान ने भामाशाह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के दानदाताओं एवं भामाशाहों का सहयोग विद्यालय के भौतिक विकास, विद्यार्थियों की सुविधाओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर प्राध्यापक श्री रघुनाथ चंद्र मालवीय, श्री जगदीश प्रसाद भाटी, वरिष्ठ अध्यापक श्री आलोक सिंह सिसोदिया, श्री रामलाल पंवार, श्री भुवनेश कुमार, श्रीमती कैलाश कंवर, श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती सुनीता चौधरी, श्री महेंद्र माली, श्री गंगा सिंह कुंपावत सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

भामाशाहों के सहयोग एवं विद्यालय परिवार के समर्पित प्रयासों से रडावास विद्यालय शिक्षा, संस्कार एवं जनसहभागिता के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियों की ओर अग्रसर है।

— गोविंद बामणिया

स्थानीय

थालड़का में खाद्य सुरक्षा दल ने 8 प्रतिष्ठानों पर मिलावट के खिलाफ कार्रवाई



दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने थालड़का में मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रखा।

प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और 12 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे।

जांच के दौरान 196 किलो/लीटर अवधिपार और खराब खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट कर दी गई। 48 लीटर अवधिपार पेयजल भी उसी स्थान पर नष्ट किया गया।

चीनी, गुड़, खजूर, आटा, तेल, सॉस और मसाले सहित कई सामग्री में खराबी पाई गई। धर्मवीर स्वीट्स, लम्माणी स्वीट्स सहित कई प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए गए।

खाद्य कारोबारियों को गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना के निर्देश जारी किए गए।

— Yash karyani

जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में विद्यार्थियों के लिए नाटक एवं नुकड नाटक प्रतियोगिता का आयोजन



जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में विद्यार्थियों के लिए नाटक एवं नुकड नाटक प्रतियोगिता का आयोजन

एस. डी. राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर में दिनांक 03.11.2026 को जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में विद्यार्थियों के लिए नाटक एवं नुकड नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का विषय 'आदिवासी विरासत शिक्षा स्वास्थ्य आजीविका पर्यावरण और सामाजिक विकास' था।

इसमें विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका का मंचन किया गया साथ ही लघु नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

नाटिका में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सोहिल, दक्ष, सक्षम, आकांक्षा एवं निहारिका ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनैना खत्री ने किया। कार्यक्रम में सुश्री लक्षिका ढोटवाल, सुश्री गरिमा कुमारी उपस्थित रहे।

— Sanvar Lal

स्थानीय

नारायणपुर टटवाड़ा में राजी देवी ने सरपंच पद के लिए दावेदारी पेश की



गंगापुर सिटी के ग्राम पंचायत नारायणपुर टटवाड़ा में युवा महिला राजी देवी ने सरपंच पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की।

उन्होंने स्वयं को विकासशील, ईमानदार और सेवाभावी उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत करते हुए क्षेत्र में सघन जनसंपर्क शुरू किया।


चुनावी अभियान की कमान संभाल रहे मुख्य निवेदक दिनेश गुर्जर ने समस्त ग्रामवासियों से राजी देवी को अपना बहुमूल्य मत और समर्थन देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

इस दौरान प्रत्याशी व समर्थकों ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बुजुर्गों और धार्मिक स्थलों का आशीर्वाद लेकर प्रचार को तेज कर दिया है।

युवा महिला चेहरे के मैदान में आने से यहां चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है।

— Buddhi Prakash Mali

पंचायत सामोतेयों को 221 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच पदों के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया 4 नवम्बर को होगी



पंचायत आम चुनाव-2026

आठ पंचायत समितियों की 221 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच पदों के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया 4 नवम्बर को होगी

* प्रातः 8 से 11 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे नाम निर्देशन पत्र, दोपहर 2 बजे तक नाम वापसी

* मतदान 5 नवम्बर को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतपत्र के माध्यम से होगा

दौसा, 3 नवम्बर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत जिले में तृतीय चरण में आठ पंचायत समितियों की 221 ग्राम पंचायतों में सरपंच तथा 2,107 वार्डों में पंच पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया बुधवार, 4 नवम्बर को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी। मतदान 5 नवम्बर को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतपत्र के माध्यम से होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि तृतीय चरण में दौसा, लालसोट, लवाण, नांगल राजावतान, रामगढ़ पचवारा, शिवसिंहपुरा, सिकन्दरा तथा सिकराय पंचायत समिति क्षेत्रों में पंच एवं सरपंच पदों के लिए 4 नवम्बर को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय प्रातः 8 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा पूर्वाह्न 11:30 बजे से होगी। इसके बाद अभ्यर्थी अपराह्न 2 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के तुरंत बाद चुनाव प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा तथा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तृतीय चरण में 5 नवम्बर को आठ पंचायत समितियों की 221 ग्राम पंचायतों में सरपंच तथा 2,107 वार्डों में पंच पदों के लिए मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतपत्रों के माध्यम से कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दौसा पंचायत समिति की 37 ग्राम पंचायतों एवं 347 वार्डों, लालसोट की 30 ग्राम पंचायतों एवं 318 वार्डों, लवाण की 16 ग्राम पंचायतों एवं 130 वार्डों, नांगल राजावतान की 28 ग्राम पंचायतों एवं 266 वार्डों, रामगढ़ पचवारा की 34 ग्राम पंचायतों एवं 282 वार्डों, शिवसिंहपुरा की 19 ग्राम पंचायतों एवं 161 वार्डों, सिकन्दरा की 30 ग्राम पंचायतों एवं 300 वार्डों तथा सिकराय की 27 ग्राम पंचायतों एवं 303 वार्डों में सरपंच-पंच के लिए चुनाव होगा।

— Suraj Poswal

स्थानीय

महात्मा गांधी कॉलेज में ताल-2026 की भव्य वेलकम पार्टी



मंगलवार को महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में वार्षिक वेलकम पार्टी ‘ताल-2026’ का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कर्नल जगदीप सिंह लाम्बा (सेना मेडल) द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई और उन्होंने युवाओं को अनुशासन, कठिन परिश्रम और देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

सैनी और रोहित सिकारआला की प्रस्तुतियों से और भी रोशन हुई। मनीषा सैनी ने ‘पानीहारी ले गई रे’ और ‘लाडली रूमा झूमा रे’ गाए, जबकि रोहित सिकारआला ने ‘थे लंबा मैं छोटी ओ बना’, ‘लड़े ससरा में सासू’ और ‘पीहर में भोजी’ जैसे गीतों पर शानदार प्रदर्शन किया।

संकाय के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्वर्गीय प्रताप सिंह खर्रा स्मृति योग्यता छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। विज्ञान संकाय में देवांशु शर्मा प्रथम, सुनील सैनी द्वितीय और सलोनी कुमावत तृतीय रहे; कला संकाय में कोमल योगी प्रथम, रिया कुमावत द्वितीय और पलक कुमावत तृतीय; वाणिज्य संकाय में मोनिका शर्मा प्रथम, निकिता अग्रवाल द्वितीय और पायल शर्मा तृतीय।

को मिस्टर ताल-2026 और दीपिका कुमावत को मिस ताल-2026 चुना गया। बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए छात्र वर्ग में शंशाक तथा छात्रा वर्ग में गुंजन और स्नेहा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजकीय सेवा में आईटीआई के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय टीम के खिलाड़ियों और पत्रकारों का भी सम्मान किया गया।

— Mahendra Kumar Mitharwal